हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

दुर्गा वाहिनी : शौर्य प्रदर्शन में दिखा सेवा, सुरक्षा व संस्कार का... 13



अमेरिका ने चखा धमतरी की मछली का स्वाद, अब आ रही भरपूर ... 14




# NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो कोचिंग फीस नहीं: PCI भिलाई

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए जुनुन बैच 2 जुन से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें NEET व JEE में चयन होने के बाद फीस लिया जाता है यदि चयन नही हुआ तो फीस नही लगेगा यह केवल 40 बच्चो के लिए ही है। क्योकि इस बैच में उच्च क्वालिटी के शिक्षक पढ़ायेंगे Zoology डॉ. सुदेश सर 15 वर्ष से अधिक अनुभव व कोटा के नामी शिक्षक है। बायोलॉजी में प्रत्येक वर्ष बहुत सारे छात्र शत प्रतिशत मार्क्स दिला रहे है और डॉ. रोहित सर जो एलेन कोटा में 15 वर्ष से अधिक अनुभव है वे इस बैच मे Botany पढायेंगें। केमेस्ट्री नितिन सर (IIT Delhi) व जे.पी. सिंह सर 20 वर्ष के अनुभव प्राप्त किए हुए शिक्षक पढायेंगे। फिजिक्स आजाद सर (IIT BHU) व आकाश सर (M.Tech) 12 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ायेंगे, गणित दिलीप सर (IIT BHU) 15 वर्ष अनुभव प्राप्त किए पढ़ाएंगे जिसने देश के प्रतिष्ठित संस्थानो में कई बार 100 के अंदर रैंक दिए हुए है वे सब शिक्षक छात्रो को पढ़ाएंगे। छात्रो को प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास पढ़ाया जाता है। प्रत्येक रविवार को परीक्षा लिया जाता है। स्टडी मेटेरियल, D.P.P. बच्चों को दिया जाता है। यहाँ रहने के लिए छात्रावास भी उपलब्ध है। हर एक प्रतियोगी परीक्षाओं मे अच्छी रैंक हासिल करने के उम्मीद में कोचिंग फीस के रूप में एक बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता है। जिसके बाद सलेक्शन की कोई गारंटी नहीं होती है। लेकिन अब PCI भिलाई से तैयारी करने वाले छात्रो को केवल NEET/JEE में सलेक्सन होने पर यानी NEET के छात्रो को शासकीय कॉलेज की सीट मिलने के बाद और JEE छात्रों को IIT/NIT कॉलेज में सीट मिलने के बाद ही फीस का भुगतान करना होगा। केवल यह 40 छात्रों के लिए ही उपलब्ध है यह कोचिंग सेंटर भिलाई में 177, 178, 179 न्यू सिविक सेंटर में संचालित है अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 78801-68887, 83195-71812 पर संपर्क कर सकते हैं।

ADVT.


## खबर संक्षेप

### धमतरी जिले के 16 प्रकरणों पर सुनवाई 2 को

■ छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक करेंगी सुनवाई

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक आगामी 2 जून को धमतरी जिले के 16 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि यह सुनवाई सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी।

### डीएलसीसी और डीएलआरसी की बैठक 3 जून को

**धमतरी।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, डीएलसीसी और जिला स्तरीय समीक्षा समिति, डीएलआरसी की बैठक आगामी 3 जून को कलेक्टोरेट में आहूत की गई है। दोपहर एक बजे से आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के खाते खोलने जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना आदि की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड, बड़ौदा आरसेटी में चल रहे प्रशिक्षणों पर भी चर्चा की जाएगी। दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में आधार सीडिंग, डीबीटी मैपिंग, पीएमएफएमई, मुद्रा योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि की समीक्षा की जाएगी।

### आमदी कालेज में ऑनलाइन प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**आमदी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छग की अधिसूचना 23 मई 2025 के अनुसार शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी जिला धमतरी छग में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में आनलाइन प्रवेश आवेदन प्रारंभ हो चुका है। महाविद्यालय में संचालित स्नातक प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम बीए में राजनीति विज्ञान, हिंदी साहित्य, भूगोल, बीएससी में प्राणीशास्त्र, वनस्पतिविज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, बीकॉम में सभी अनिवार्य विषयों में छात्र-छात्राएं पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर छग की साइट पर जाकर ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। उक्त जानकारी डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल प्रभारी प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी जिला धमतरी छग ने दी है।

### जहर सेवन से युवक की मौत, कारण अज्ञात

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरबांधा निवासी ज्ञानिक कमार पिता श्यामलाल उम्र 30 वर्ष शराब सेवन करने का आदी था। बुधवार को युवक ने अपने घर में रखे कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए संजीवनी 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था। जहां युवक की बुधवार की रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम शव को परिजनों को सौंप दिया है। युवक के जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, बिगड़ गई है खेतों की सेहत

# सत्तर प्रतिशत खेतों में बोरान की कमी, 44.22 में नाइट्रोजन न्यून

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फसल चक्र परिवर्तन नहीं होने से जमीन की सेहत बिगड़ गई है। स्थिति यह है कि 44 प्रतिशत से ज्यादा खेतों में नाइट्रोजन की कमी मिली है। 27 प्रतिशत से ज्यादा में फास्फोरस कम मिला है। खेतों पीएच मान भी बिगड़गता जा रहा है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ा है।

धान का कटोरा धमतरी की जमीन धीरे धीरे बंजर होती जा रही है। जमीन में पोषक तत्व लगातार कम होते जा रहे हैं। जिसका सीधा प्रभाव मनुष्य, पशुओं सहित अन्य जीव जंतुओं के जीवन चक्र पर पड़ रहा है। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला की रिपोर्ट के अनुसार जिले में अधिकांश खेतों की सेहत बिगड़ी हुई है। रिपोर्ट के लैब में किए मिट्टी परीक्षण में 44.22 प्रतिशत नमूनों में नाइट्रोजन की कमी मिली है। 27.76 प्रतिशत में फास्फोरस, 2.2 प्रतिशत में पोटास कम मिले हैं। इन तत्वों की कमी का मुख्य कारण जमीन में कार्बनिक मेटर की कमी है। 35.60 प्रतिशत नमूनों में कार्बनिक मेटर काफी कम मिला। किसान खेतों में जैविक खाद नहीं डालते हैं। उपर से लगातार दोहरी फसल ले रहे हैं, जिसमें अंधाधुंध रासायनिक खाद का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### सूक्ष्म तत्व की कमी

कार्बनिक मेटर कम होने का सबसे बड़ा प्रभाव यह हुआ है कि जमीन के सूक्ष्म तत्व गायब होने लगे हैं। 70.16 प्रतिशत नमूनों में बोरान की जबरदस्त कमी मिली है। 50.10 प्रतिशत नमूनों में जस्ता एवं 32.63 प्रतिशत नमूनों में गंधक की कमी मिली है। पोषक तत्वों के साथ सूक्ष्म तत्वों की कमी से खेतों की उत्पादकता प्रभावित हुई है। किसान रासानिक खाद और सूक्ष्म तत्व बाहर से डाल रहे हैं, तब जाकर फसल का उत्पादन हो रहा है। रासायनिक खाद के चलते उत्पादन भी, गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।



### घट रहा उत्पादन

कृषि विशेषज्ञों की मानें तो पौधे की बढ़वार लिए के मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटास सहित अन्य पोषक और सूक्ष्म तत्वों की मात्रा सामान्य होना आवश्यक है। इसके असमान होने से पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है। जिंक का काम पौधों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना होता है। यही नहीं लगातार रासायनिक खाद के इस्तेमाल से मिट्टी का पीएच मान प्रभावित हुआ है। 4.1 प्रतिशत जमीन अम्लीय और 0.19 प्रतिशत जमीन क्षारीय हो गई है।

### चल रहा मिट्टी परीक्षण

इस साल मिट्टी परीक्षण के लिए 10 हजार नमूनों संग्रहण का लक्ष्य मिला है। जिसमें से 4128 नमूनों का संग्रहण किया जा चुका है। इसमें से 400 नमूनों की जांच भी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 7000 नमूनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के धमतरी विकासखंड के बागतराई, भोयना, देमार, खम्हरिया, ढीमरटिकुर, भटगांव, मुजगहन, लीलर, धौराभांठा रावणगुड़ा, विकासखंड कुरूद से मंदरौद, गोजी, गातापार, आलेखुटा, भैसबोड़, कचना, सरबदा, चटौद, इर्रा, सिलौटी, विकासखंड मगरलोड से मड़ेली, बकोरी, बुढ़ाराव, कुल्हाडीकोट, हथबंध, जलकुंभी, मोहेरा, निरई, सोनझरी, मुरूमडीह, धनोरा, सिंगपुर, सरगी, केवराडीह, बेलोरा, पाहंदा, विकासखंड नगरी से देवपुर, बोधसेमरा, बिरनपुर, जबर्रा, चारगांव, खरका, बिलभदर दलदली (अ), दलदली (ब), सेमरा, भेजरीरावन, पंडरीपानी रै., पंडरीपानी, कल्लेमेटा, गजकन्हार, कसपुर नवागांव, गहनासियार, भीरागांव, सांकराकूप, लिलांज, भुरसीडोंगरी, बेलरबाहरा, बरपदर से नमूने एकत्रित किए गए थे।

# सुशासन तिहार के तहत सीएम विष्णुदेव साय की एंट्री धमतरी में?

## कौन से गांव में उतरेगा हेलीकाप्टर, अधिकारियों को भी पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुशासन तिहार के अंतर्गत सीएम विष्णुदेव साय की एंट्री धमतरी जिला में आज 30 मई को या कल 31 मई को हो सकती है? इसकी जानकारी जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को भी नहीं है। सुशासन तिहार का समापन 31 मई को है।



इस लिहाज से धमतरी जिले के किसी भी गांव में अचानक सीएम साय गांव में उतरकर सीधे ग्रामीणों से संवाद कर सकते हैं। ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर सच्चे सुशासन का टेस्ट लेंगे। बिना किसी चेतावनी के, बिना किसी पूर्वसूचना के गांव में उतरकर आवास, जलप्रदाय, राशनकार्ड, बिजली, सड़क, साफ सफाई, पेंशन आदि मामले पर ग्रामीणों की समस्याएं, शिकायतें जमीनी स्तर पर सुनेंगे। जनता की मांगों पर सीधे घोषणाएं करेंगे। कार्यो की समीक्षा के बाद कमियां निकलने पर अधिकारियों की क्लास होगी। समीक्षा सख्त होने के बाद गाज भी गिर सकती है। सीएम के अचानक दौरे से उच्चाधिकारी भी सहमे हुए है। यह दौरा रस्म अदायगी नहीं होगी। बल्कि सरकार की पारदर्शिता और जिम्मेदारी की परीक्षा भी होगी।

यह बात तो फैक्ट है कि महीने की आखिरी में धमतरी में ही सुशासन तिहार का समापन होगा। बगैर प्रोटोकाल के कोई भी गांव में हेलीकाप्टर से उतरकर ग्रामीणों से संवाद, कार्यो की समीक्षा, अफसरों की क्लास होगी। जनता भी टकटकी लगाए आसमान की ओर देख रही है कि हेलीकाप्टर की आवाज किस दिशा में गुंजेगी। इधर जिला प्रशासन पुरी तैयारी में है और सहमे हुए है, क्योंकि सीएम साय के साथ सुशासन भी आएगा।

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 1039 परीक्षार्थियों ने दिलाई परीक्षा

## पूछे गए सभी प्रश्न बेसिक थे, आसानी से हल हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा गुरूवार को बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा एक पाली में सुबह 10 से 12.15 बजे तक शहर के 4 केन्द्रों में हुई। परीक्षा में 1417 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिसमें से 1039 ने परीक्षा दिलाई। 378 अनुपस्थित रहे। चार परीक्षा केन्द्रों में पीजी कॉलेज में 349, गर्ल्स कॉलेज में 274, गर्ल्स स्कूल में 261, ब्वायज स्कूल में 155 ने परीक्षा दिलाई। परीक्षा के लिए प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक को समन्वयक एवं पवन प्रेमी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी बनाया गया था। परीक्षा संचालन के लिए सभी चार केन्द्रों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। उड़नदस्ता की टीम बारी-बारी से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। परीक्षा समन्वयक प्राचार्य विनोद पाठक ने बताया कि 10 बजे तक सभी परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश कर लिए थे। 10 बजे के बाद मेन गेट बंद कर दिया गया। परीक्षा होने तक किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने से रोका गया। परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैलकुलेटर, घड़ी, पर्स आदि सामान प्रतिबंधित था।

परीक्षार्थी नीरज सोनकर, सोमलता सोनी, विभा साहू, चंचल साहू, झरना साहू, झलक विश्वकर्मा आदि ने बताया कि परीक्षा में बेसिक प्रश्नों का समावेश था। हिन्दी इंग्लिश सहित बॉटनी, जूलॉजी, फिजिक्स, केमेस्ट्री से संबंधित प्रश्न थे। तैयारी अच्छी थी सभी प्रश्नों को हल कर लिए हैं। पूछे गए सभी प्रश्न 9वीं से 12वीं तक सिलेबस का था। कुछ प्रश्न जनरल नॉलेज से संबंधित था। व्यवहारिक प्रश्नों को महत्व दिया गया था।

# आधा दर्जन गुंडा-बदमाशों की खोली गई निगरानी फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ पुलिस खंगाल रही गुंडा-बदमाशों का रिकार्ड

जिले में क्राइम कंट्रोल करने पुलिस गुंडा-बदमाशों की रिकार्ड खंगाल रही है। वहीं इस सप्ताह पुलिस ने आधा दर्जन गुंडा-बदमाशों की निगरानी फाइल खोली है।



पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सभी थाना-चौकी प्रभारियों को जिले में गुंडा-बदमाशों या असामाजिक किस्म के लोगों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद जिले की पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है जिसके तहत अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में नगरी थाना व सिटी कोतवाली में दर्ज मामलों की समीक्षा कर लगातार सक्रिय बदमाशों की सूची तैयार की गई। उक्त सूची को पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया था जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। निगरानी गुंडा-बदमाशों की फाइल में राजेन्द्र बांधे पिता प्रकाश उम्र 21 वर्ष जोधापुर, दीपक साहू उर्फ बबलू पिता संतुराम उम्र 23 वर्ष स्टेशनपारा व हितेश्वर उर्फ प्रधान मरकाम पिता अंजोर सिंह 23 वर्ष सार्वा सब्जी बाड़ी गली नगरी निवासी शामिल हैं। इसी तरह सामाजिक गुंडा-बदमाशों की फाइल साहिल गौली उर्फ मुण्डुल पिता कृपाल उम्र 19 वर्ष रिसाईपारा, धीरज बिसेन पिता नंदकुमार 23 वर्ष जंगलपारा नगरी व राम सोनकर उर्फ ढोलू पिता जेठूराम 26 वर्ष कारगिल चौक महिमासागर वार्ड निवासी के नाम से खोली गई है। पुलिस द्वारा इस तरह के और भी गुंडा-बदमाशों को खंगाला जा रहा है। पुलिस सभी गुंडा-बदमाशों को शांतिपूर्वक एवं समाज के मुख्यधारा में शामिल होकर जीवन जीने की समझाईश दे रही है। जिन बदमाशों के व्यवहार में परिवर्तन दिखाई नहीं देगा उनके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जाएगी।

# पौने दो करोड़ रूपया खनिज रायल्टी दिलाने की मांग

■ भारतमाला रोड में सिवनीकला का एक लाख घनमीटर मिट्टी मुरूम की हुई है आपूर्ति

**धमतरी।** सिवनीकला सरपंच लता ध्रुव ने बताया कि भारतमाला परियोजना रोड निर्माण के लिए सिवनीकला के चार तालाबों से 107652 घनमीटर मिट्टी और मुरूम का खनन एवं परिवहन मेसर्स शालीमार क्राफ लिमिटेड ने किया है। जिसकी रायल्टी का कुल रकम 1.76 करोड रूपया होता है। रायल्टी की रकम खनिज विभाग में 60 लाख रूपया हो पाई है। रायल्टी की बचत रकम को शीघ्र जमा कराने की मांग ग्राम पंचायत ने कलेक्टर से की है।

# भतीजी ने सगे चाचा पर चलाया फावड़ा, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ स्टेशनपारा की घटना

मामूली बात को लेकर भतीजी ने अपने सगे चाचा पर फावड़ा से हमला कर दिया। घटना में चाचा के सिर पर गंभीर चोट आई है।



पुलिस के अनुसार स्टेशनपारा निवासी भीखम ध्रुव पिता निर्भय उम्र 50 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करता है। वर्ष 1996 में भीखम के बड़े भाई सियाराम ध्रुव की मौत हो गई थी। पति के मौत के बाद उसकी पत्नी अपनी बेटी सोना ध्रुव को देवर भीखम ध्रुव के पास छोड़कर चली गई। तब से भतीजी चाचा की पत्नी सुनीता ध्रुव व चचेरा भाई भावेश ध्रुव के साथ उसी के घर में रह रही है। युवती घर का छोटा-मोटा काम कर देती थी। बीते 26 मई की सुबह भतीजी घर पर मोबाइल चला रही थी। भीखम द्वारा भतीजी को घर में रखे जूठे बर्तनों को धोने के लिए कहा गया जिसे सुन भतीजी आक्रोशित होकर अश्लील गालियां दे मारपीट करते हुए पास में रखे लोहे के फावड़े से चाचा के सिर पर हमला कर दिया। घटना में भीखम के सिर व हाथ में चोट आई है। लहूलुहान भीखम शिकायत करने सिटी कोतवाली पहुंचा जिसे पुलिस ने जिला अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार व मुलाहिजा कराया। पीड़ित चाचा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपिया भतीजी के खिलाफ धारा 115-2, 296, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सिवनीकला स्कूल के कृषि जमीन का 88 हजार रूपए गोलमाल करने का आरोप

# पूर्व उपसरपंच और शाला प्रबंधन अध्यक्ष पर गबन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत सिवनीकला के पूर्व सरपंच, पूर्व शाला अध्यक्ष पर गबन का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल के तीन एकड़ भूमि से अर्जित 88 हजार रूपए को गोलमाल करने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। सरपंच लता ध्रुव के साथ गांव से कलेक्टोरेट पहुंचे प्रमुख लोगों ने मामले की जांचकर पैसे की वसूली एवं उचित कार्रवाई करने की मांग उठाई है।



गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचे सिवनीकला सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम हिरवानी, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, मिलेश्वर ध्रुव, सुरेश तारक, चंद्रप्रकाश साहू, पंच सुरेश साहू, राधिका पटेल, सरस साहू, कपिलदेव पटेल आदि ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौंपकर कहा है कि कुरूद विखं के ग्राम पंचायत सिवनीकला के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला के नाम पर तीन एकड़ कृषि भूमि है। कृषिभूमि से सालाना रेग पर करीब 45 हजार रूपए की आय होती है। गांव के पूर्व सरपंच तथा स्कूल प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष ने मिलकर स्कूल के शिक्षकों को धोखे में रखकर खेत रिपेयरिंग के नाम पर 88200 रुपए को गबन कर लिया। खेत रिपेयरिंग की कोई जरूरत नहीं थी। यह सब पूर्व सरपंच और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के जानकारी के बिना हुई है।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि इस मामले को लेकर गांव में तीन बार बैठक रखी गई और उनका पक्ष जानने के लिए पूर्व सरपंच तथा पूर्व शाला प्रबंधक को बुलाया गया लेकिन वे अपना पक्ष रखने मिटिंग में उपस्थित नहीं हुए। जिस पर ग्रामसभा में कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर को शिकायत पत्र के साथ स्कूल का प्रस्ताव, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव, रेग में खेत बोने वाले किसानों का लिखित बयान की कापी सौंपा गया है। उनकी मांग है कि कुरूद अनुविभागीय अधिकारी से जांच कराकर राशि की वसूली तथा उचित कार्रवाई किया जाए।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### गायत्री मंदिर, सामुदायिक भवन निर्माण भूमिपूजन 5 जून को देवपुर में

**धमतरी।** श्रद्धा प्रज्ञा जनजागरण समिति डोंगेश्वर धाम देवपुर एवं गायत्री परिवार द्वारा डोंगेश्वर धाम देवपुर में 5 जून गुरूवार को सुबह 11 बजे से मां गायत्री मंदिर एवं सामुदायिक भवन निर्माण भूमिपूजन यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, अध्यक्षता विधायक ओंकार साहू, विशेष अतिथि इंदरचंद चोपड़ा पूर्व विधायक, गुरूमुख सिंह होरा पूर्व विधायक, हर्षद मेहता, पूर्व विधायक एवं ट्रस्टी, रंजना साहू पूर्व विधायक, खिलेश्वरी किरण, दिलीप नाग, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष, देवलाल साहू सरपंच, दिनेश चन्द्राकर अध्यक्ष मेला समिति देवपुर होंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के आम जनता को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### पहंदा में सुशासन तिहार का अंतिम समाधान शिविर आज

**मगरलोड।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेश अनुसार 4 अप्रैल से सुशासन तिहार के तहत राज्य के प्रत्येक गांव में मांग, समस्या, सुझाव पत्र लिया गया है। जनपद पंचायत मगरलोड के द्वारा 66 ग्राम पंचायत को 7 कलस्टर में विभाजित कर 7 मई से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तहत अंतिम शिविर 30 मई को ग्राम पहंदा में समापन होगी। जिसमें ग्राम पंचायत पहंदा, राजपुर, सरगी सोनेवारा, भोथा, लड़ेर, बोरसी, मोहंदी, झाझरकेरा गांव शामिल होंगे।

बोराई क्षेत्र की सिविल हास्पिटल में डॉक्टरों कमी का मुद्दा फिर उठा

# बेलरगांव के समाधान शिविर में आसपास पंचायत के लोग पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







नगरी विकासखंड के बेलरगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करते हुए शासन-प्रशासन को जन-जन तक पहुंचाना है। जिले में 5 मई से शुरू हुए समाधान शिविरों का आयोजन 31 मई 2025 तक किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को सुशासन समाधान शिविर का आयोजन बेलर में आयोजित किया गया था। समाधान शिविर में 14 ग्राम पंचायत बरबांधा, बेलरगांव, भुरसीडोंगरी, बोराई, घुरावड़, घुटकेल, कसपुर, कट्टीगांव, लिखमा, मैनपुर, नवागांव (के), जैतपुरी, फरसगांव सभी ग्राम पंचायत के लोग पहुंचे थे।

समाधान शिविर में सिविल अस्पताल बोरई में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा छाया रहा। ग्रामीणों का कहना है 3 पद डॉक्टर के हैं मगर एक डॉक्टर है। रात्रि में कोई नहीं रहता है। दूसरा मामला बेलरगांव में खेल मैदान का रहा। यह खेल मैदान गांव से कुछ दूरी पर बना हुआ है। विगत 10 वर्ष से बेलर के युवा आवेदन कर रहे हैं कि खेल मैदान तक पहुचने कोई रास्ता नहीं है। जिससे आज तक वहां कोई आयोजन नहीं हो पाया है।

किसानों के द्वारा बंटवारा नामा को लेकर किसान शिविर पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने नियम अनुसार कार्रवाई करने तत्काल पटवारी को निर्देश दिए।

शिविर में विभागों के लगे स्टाल शिविर में आयुष्मान कार्ड स्वामित्व योजना किसानों का ऋण पुस्तिका व क्रेडिट कार्ड वितरण, महिलाओं की गोद भराई नव निहाल योजना फसल बीज वितरण किसानों को बोरमशीन वितरण, मछली जाल वितरण, दिव्यांग बच्चों को ट्राईसाईकिल वितरण, छात्र-छात्राओं की यूनिफार्म वितरण, जैसी योजनाओं के तहत लाभ दिया गया। स्टालों पर ग्रामीण की भारी भीड़ देखी गई जो योजनाओं के फॉर्म भरने में जुटी रही।

कृषि विभाग नगरी के द्वारा कृषि संबंधित जानकारी के लिए कृषि रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया वही किसी भाग के अधिकारी ने कहा कि यह मुख्य 20 गांव में 15 दिनों तक भ्रमण कर कृषि विभाग के वैज्ञानिक के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को जानकारी दिया जाएगा उनके द्वारा कृषि पद्धति को बताया गया जिसमें अरूण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, महेश गोटा अध्यक्ष जपं नगरी, हिदयलाल साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी, सभापति अजय धुव जिपं सदस्य गरिमा नेताम, कमल डागा, जनपद सदस्य मौसमी मंडवी जनपद सदस्य, रीता नेताम संरपच बेलरगाँव, लिलम्बर सिह नागवंशी सरपंच भुरसीडोगरी, मोहनी साहू उपसंरपच, नदनी साहू जनपद सदस्य, कमलेश्वरी नेताम संरपच नवागांव, महेश मरकाम संरपच घुरावड, पन्नालाल मरकाम जनपद सदस्य, रूखमणी नेताम संरपच बंरबाधा, मनोहरदास मानिकपुरी, अमरसिंह पटेल, कैलाशनाथ प्रजापति, लिलम्बर साहू, वेदराम गंजीर एवं आसपास की जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाधान शिविर में अनुविभागीय अधिकारी (रा) सुश्री प्रीती दुर्गम, तहसीलदार नगरी तेजपाल ध्रुव, तहसीलदार बेलरगांव कुसुम प्रधान एवं जपं नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोझा, विकास विस्तार अधिकारी आरएस नेताम, अन्य क्षेत्रों के जनपद सदस्य एवं 14 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं लगभग 700 ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम शिविर में संचालन आनंद साहू के द्वारा किया जा रहा था।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषक रथ रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत मगरलोड में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने कृषक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के कृषकों को संबोधित करते हुए उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं एवं आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषक रथ के माध्यम से किसानों को इन योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा उन्नत बीज, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई के नवीन तरीकों और जैविक खेती के बारे में मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह अभियान ग्रामीण अंचलों में कृषि आधारित जागरूकता लाने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे किसान अपनी उपज में वृद्धि कर सकेंगे और उनकी आय में सुधार होगा।

इस अवसर पर गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष धमतरी, जिला पंचायत सभापति मीना डेमू साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कुंडेल श्रीमती यशोदा साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, सोसायटी अध्यक्ष संतोष सोनी, रामआसरू साहू, पवन सेन, बृजलाल साहू, भुवन लाल, कृषि विभाग के अधिकारीगण, जनपद सदस्यगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कृषकों को प्रचार सामग्री भी वितरित की गई।

### जिला स्तरीय महिला सम्मेलन 31 को

- कार्यक्रम गायत्री मंदिर धमतरी में आयोजित होगा

**धमतरी।** गायत्री परिवार के वंदनीय माता जी जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत 31 मई शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शुभारंभ 9.30 बजे, उद्देश्य पर परिचर्चा 10.30 बजे, प्रमुख वक्ता का उद्बोधन 12.20 बजे, जिसमें ब्लाक स्तर के प्रतिनिधि वक्ताओं का संबोधन, सम्मान 1.40 को शांति पाठ 2.35 को है। कार्यक्रम में अतिथियों के परिचर्चा के बाद, गुरूवंदना, ध्यान, साधना का अंग अवययों की अपेक्षा, सत संकल्प पाठ, प्रज्ञा गीत आदि होंगे। प्रतिवेदन श्रीमती खिलेश्वरी किरण द्वारा प्रेषित की जाएगी। वक्ता के रूप में आदर्श वर्मा, डॉ. कुंती साहू, रूखमणी बंछोर, अरूण सार्वा, रूपाली जी होंगी।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुंडी में समर कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुंडी मगरलोड में ग्रीष्मकालीन कैम्प का संचालन अधीक्षिका हितेश्वरी नेताम के नेतृत्व में 12 से 20 मई तक आयोजित किया गया। शिविर में प्रशिक्षकों उमेश्वरी पटेल, रिंकी ध्रुव, महावती कुंजाम, दिनेश्वरी साहू,धनश्री साहू एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा । इस अवसर पर सीएमसी अध्यक्ष कविता यादव , सदस्यगण ललती बाई, बीआरसी मगरलोड तामेश्वर ठाकुर एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की दीपा परमार उपस्थित रहे। इस कैंप में 70 से 100 बच्चे लाभान्वित हुए। यह जानकारी संकुल समन्वयक भैंसमुंडी हेमलाल साहू ने

# होल्कर ने अपना सर्वस्व सनातन को समर्पित कर दिया : ज्योति

- नपं कुरुद में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर महिला कमांडो एवं मितानिनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर पंचायत परिषद कुरुद ने मंगल भवन कुरूद में पुण्य श्लोक महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाकर सामाजिक बुराई के खिलाफ नगर में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला कमांडो एवं जनस्वास्थ्य के लिए जागरूक करने वाली मितानिनों का सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नपं कुरुद, अध्यक्षता देवव्रत साहू उपाध्यक्ष नपं कुरूद विशिष्ट अतिथि राजकुमारी दीवान पूर्व अध्यक्ष नपं कुरुद, कृष्णकांत साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष ,भानु चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि नपं कुरुद, मनीष साहू वरिष्ठ पार्षद, सभापति राजकुमारी ध्रुव, पार्षदगण कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, पूर्व पार्षदगण सुनील चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा, रमेशर ध्रुव, तुमेश्वरी ध्रुव, भारती पंचायन, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों में भूमिका सिन्हा, सुरेखा चन्द्राकर, अनुराधा साहू, कमिथला साहु, ममता साहु, निशा वैष्णव, व्यापारी संघ के पदाधिकारियों में रवि चन्द्राकर, विकास चन्द्राकर के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने कहा कि महिलाओं का सम्मान होना कुरूद के लिए गौरवान्वित करने जैसा है। रानी अहिल्याबाई महारानी होते हुए भी सेविका की तरह अपने जीवन को समर्पित किये। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सनातन के संरक्षक के रूप में व्यतीत कर दिये। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी के गारंटी में विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ हमारे नगर पंचायत कुरूद विकास के साथ साथ समाजिक विकास को निरंतर बढ़ाने का प्रयास कर रही है, यह क्रम निरंतर जारी है। कार्यक्रम को देवव्रत साहू, राजकुमारी दिवान, कृष्णकांत साहू एवं भानु चन्द्राकर ने भी संबोधित किया। मचसंचालन प्रभात बैस एवं आभार व्यक्त मनीष साहू ने किया।

इस कार्यक्रम में कुरूद के गणमान्य नागरिकगण, आँगनबाड़ी कार्यकर्तागण, मितानिन बहनें, महिला कमांडो, भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्तागण, व्यापारी संघ के पदाधिकारीगण, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

# जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू, किसानों को मिलेगी उन्नत खेती की जानकारी

- भोथली, कुंडेल और बेलरगांव से हरी झंडी दिखाकर तीन रथों को किया रवाना
- 12 जून तक चलेगा अभियान, 78 गांवों तक पहुंचेंगे रथ, किसानों को मिलेगी कृषि नवाचारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

### किसानों की आय बढ़ाने में मददगार होगा अभियान : कलेक्टर मिश्रा

भोथली में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रथों को रवाना करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों की आय बढ़ाने और खेती में नई तकनीकी-नवाचारों से उत्पादन बढ़ाने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, उद्यानिकी के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्रों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विशेषज्ञ भी किसानों को उनके गांवों में जाकर खेती-किसानी के उन्नत और वैज्ञानिक तरीके बतायेंगे। इससे चालू खरीफ मौसम में ही किसानों को बेहतर परिणाम मिलेंगे। कलेक्टर ने इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किसानां से की है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान किसानों के सुझावों और समस्याओं को भी नोट किया जायेगा, जिन्हें कृषि वैज्ञानिक आगे कृषि अनुसंधानों में उपयोग करेंगे।

धमतरी जिले में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। इस अभियान से जिले के किसानों को खरीफ फसलों के आधुनिक खेती, लाभकारी फसलों की खेती के साथ-साथ किसानों के लिए विभिन्न शासकीय योजनाओं और नीतियों की जानकारी मिलेगी। अभियान के तहत आज भोथली, बेलरगांव और कुण्डेल से तीन रथों को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया गया। विधायक धमतरी ओंकार साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने ग्राम भोथली से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं नगरी विकासखंड में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा और मगरलोड विकासखंड में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू और जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक जिले के चारों विकासखंडों के 78 गांवों में संचालित होगा। विकसित कृषि संकल्प रथ धमतरी, कुरूद और नगरी विकासखंडों के 20-20 गांवों और मगरलोड विकासखंड के 18 गांवों तक पहुंचेगा। रथों के साथ कृषि विशेषज्ञों और अधिकारियों की टीमें प्रतिदिन छह गांवों में जाकर किसानों को खरीफ मौसम में वैज्ञानिक खेती की विधियों से अवगत कराएंगी। इसके साथ ही प्रत्येक शिविर में कम से कम 200 किसानों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविरों में किसानों को मशरूम उत्पादन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, कृषि ड्रोन प्रदर्शन, सिंचाई तकनीक (ड्रिप व स्प्रिंकलर), रागी-नारियल की खेती, धान की कतार बोनी, वैकल्पिक उर्वरक, फसल अपशिष्ट प्रबंधन, कृषि यंत्रों की जानकारी और मृदा स्वास्थ्य पत्रक के आधार पर उर्वरक उपयोग जैसी जानकारियाँ दी जाएंगी। साथ ही शिविरों में किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भी लिये जाएंगे। इस दौरान प्राकृतिक और जैविक खेती का प्रचार-प्रसार तथा इसे अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित भी किया जायेगा।

# सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी घोषित

**आमदी।** सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2025 में आयोजित होने वाली स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारणी पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दी गई है। घोषित समय-सारणी के अनुसार सेमेस्टर परीक्षा मई-जून दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में प्रातः 8 से 11 बजे तक बीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ आयोजित होगी। इसी प्रकार द्वितीय पाली में बीएससी, बीकाम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएँ दोपहर 1 से 4 बजे तक परीक्षाएँ आयोजित होगी। सेमेस्टर परीक्षा मई-जून 2025 की परीक्षाएँ 4 जून 2025 से प्रारंभ होकर 16 जून 2025 तक चलेगी। परीक्षा केन्द्र कमांक 408, शासकीय नवीन महाविद्यालय, आमदी के परीक्षा केन्द्र में सम्मिलित होने वाले समस्त नियमित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि सेमेस्टर परीक्षाएँ विश्वविद्यालय के समय-सारणी के अनुसार संचालित होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समयावधि में प्रवेश पत्र के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। समस्त परीक्षार्थी पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर छग के वेबसाईट में जाकर अपना प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते है। समय-सारणी की विस्तृत जानकारी के लिए समस्त परीक्षार्थी महाविद्यालय के सूचना पटल, विश्वविद्यालय के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

### निधन पर परिजनों दी गई संवेदना राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बिरेतरा में आसाराम साहू के निधन पर ग्रामीण साहू समाज द्वारा उनके नाती सूर्या को 4000 रूपए संवेदना राशि दी गई। इस दौरान ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष झुमुक लाल साहू, पदुमलाल, बलदेव साहू, सनत साहू, आत्माराम हरिश्चंद्र एवं अन्य लोग उपस्थित

# श्री राज मानस संघ धमतरी की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



श्री राज मानस संघ धमतरी की कार्यकारिणी की बैठक गोकुलपुर सत्संग भवन में आयोजित की गई। बैठक में संघ के गतिविधियों के बारे में अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी एवं प्रवक्ता डॉ. भूषण लाल चंद्राकर ने बताया। बैठक का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्री राम स्तुति से हुआ। तत्पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन अर्जुन पुरी गोस्वामी ने बैठक में सम्मिलित एजेंडा पर प्रकाश डाला। जिसमें मुख्य विषय संघ का वार्षिक सम्मेलन प्रतिवर्ष जो जून माह में होता था उसे अक्टूबर नवंबर में करने के प्रस्ताव पर सभी शक्ति केंद्र अध्यक्षों से विचार लेकर वार्षिक सम्मेलन को अक्टूबर नवंबर में करने का निर्णय लिया गया। चूंकि वार्षिक सम्मेलन में इस वर्ष संघ का पुनर्गठन भी किया जाना है इस कारण से जिला मुख्यालय धमतरी में ही करने का प्रस्ताव पास किया गया। साथ ही साथ आगामी 2026 का वार्षिक सम्मेलन वनांचल क्षेत्र नगरी विकासखंड में करने का प्रस्ताव भी बैठक में पारित हुआ। बैठक में राजमानस संघ धमतरी के अंतर्गत कुछ नए शक्ति केन्द्रों के गठन की जानकारी सचिव डॉ. जे एल देवांगन द्वारा दी गई। कुछ मानस मंडली जो राजमानस संघ एवं शक्ति गेंद से पृथक गतिविधि संचालित करते हैं उन्हें श्री राज मानस संघ धमतरी के मुख्य धारा में जोड़ने का निर्णय लिया गया है। संघ के पत्रिका श्री रघुपति संदेश के पुनः प्रकाशन का प्रस्ताव प्रधान संपादक डॉ भूषण लाल चंद्राकर द्वारा रखा गया परंतु उस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया। बैठक के संचालन सचिव डॉ. जे एल देवांगन द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से राजमानस संघ धमतरी के संरक्षक सियाराम साहू पुरानिक राम साहू, श्रीमती खिलेश्वरी किरण, श्रीमती श्यामा देवी साहू, चंपालाल साहू, कोषाध्यक्ष धनीराम साहू, उपाध्यक्ष महेंद्र साहू, सलाहकार प्यारे लाल यदु, लिखन साहू डॉ. लोकेश साहू, ओम प्रकाश साहू, चिरंजीव लाल हिरवानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### एक जून से शुरू होगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

- कलेक्टर ने नियुक्त किए नोडल और सहायक नोडल अधिकारी
- तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदारों की लगाई ड्यूटी

**धमतरी।** धमतरी में आगामी एक जून से जिला और तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष शुरू होगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी.एक्का को नोडल अधिकारी और सहायक अधीक्षक भू अभिलेख कन्हैया लाल भोई को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-8 में स्थापित होने वाले इस बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 07722-232249 है। इसके अलावा तहसील स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संबंधित तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। धमतरी तहसील के कंट्रोल रूम का फोन नंबर 07722-240638, कुरूद का 07705-223381, भखारा का 96309-63635, मगरलोड का 89595-35346, नगरी का 07700-251398, कुकरेल का 98980-18731 और बेलरगांव तहसील का दूरभाष नंबर 93027-99980 है।

### नियमित वेतन मिलने से कर्मचारियों में खुशी की लहर




**धमतरी।** जगदीश (रामू) रोहरा, महापौर एवं श्रीमति प्रिया गोयल आयुक्त के नगर पालिक निगम, धमतरी में पदस्थ होने के उपरांत से निगम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को प्रति माह वेतन का नियमित रूप से भुगतान प्राप्त हो रहा है। जबकि पूर्व में प्रतिमाह नियमित रूप से वेतन भुगतान प्राप्त नहीं हो पाता था। कई बार वेतन भुगतान में 2 से 3 माह तक विलंब हो जाता था। समय पर एवं नियमित वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।
महापौर एवं आयुक्त नगर पालिक निगम के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व में कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन भुगतान किये जाने के फलस्वरूप अधिकारियों, कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। प्रतिमाह वेतन भुगतान किये जाने से अधिकारी, कर्मचारीगण अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वाह सुगमता पूर्वक कर पा रहे हैं। नवयुक्त अधिकारी/कर्मचारी कल्याण संघ धमतरी ईकाई के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगणों ने महापौर एवं आयुक्त का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### प्रोजेक्ट युवा : 60 से अधिक युवा सीख रहे एआई की बारीकियां

**धमतरी।** जिले में युवाओं को कम अवधि के प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रोजेक्ट युवा के तहत कई तरह की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 60 युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग और उसे रोजगार के साधन के रूप में अपनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में चल रहे इस प्रशिक्षण में गूगल की प्रतिनिधि के रूप में सुश्री पूजा द्वारा युवाओं को एआई की बारीकियां सिखाई जा रहीं हैं। इस प्रशिक्षण में मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, ऑटोमिशन जैसी तकनीकों की विस्तृत जानकारी युवाओं को दी जा रही है। एआई के माध्यम से जटिल कामों को आसानी से करने, एआई से म्युजिक, इमेज, विडियो, पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन आदि बनाने के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को गूगल द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। प्रशिक्षण में एआई का प्रयोग कर विश्लेषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि जैसे क्षेत्रों में उपयोग के बारे में भी बताया जा रहा है। चैटजीपीटी, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों की बेसिक जानकारी के साथ-साथ लाइव डेमो द्वारा एआई से रिपोर्ट तैयार करने या सोशल मीडिया के लिए कंटेंट जनरेट करने के बारे में भी बताया जा रहा है।

सरस्वती शिशु मंदिर कुरुद में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

# दुर्गा वाहिनी के शौर्य प्रदर्शन में दिखा सेवा, सुरक्षा व संस्कार का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




हिन्दू धर्म जागरण व समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए आरएसएस, विहिप व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में बालिकाओं में संस्कार, सुरक्षा व सेवा की भावनाओं के संचार के साथ आत्मविश्वास की भावना जगाने कुरुद के सरस्वती शिशु मंदिर में सात दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन हुआ।

22 से 29 मई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में बालिकाओं के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, शारीरिक शिक्षा, नियुद्ध (जूडो, कराटे), लक्ष्य भेद, बाहरी आक्रमणों से बचाव, प्राथमिक चिकित्सा इत्यादि का प्रशिक्षण वर्ग में खेल ही खेल में उनको जीवन जीने की कला सिखायी गई। इस प्रशिक्षण वर्ग में करीब 300 की संख्या में बालिकाएं भाग लेकर समाज में दिन प्रतिदिन बड़ रही कुरीतियों,असामाजिक गतिविधियों को रोकने व महिलाओं को शस्त्र प्रशिक्षण देने व सामाजिक गतिविधियों में जागरूकता लाने, व्यक्तित्व विकास का महिलाओं में आत्मरक्षा व देश रक्षा व धर्म रक्षा का भाव जागृत करने के गुर सिखाए गए।

जय भवानी, जय शिवानी के नारों से गूंजा शहर : बुधवार को प्रांत स्तरीय दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन नगर में भव्य पंथ संचलन के साथ हुआ। जय भवानी... जय शिवानी... जय श्रीराम...के गगनभेदी नारों के साथ जैसे ही दुर्गावाहिनी की बहनें शौर्य प्रदर्शन करती हुई नगर भ्रमण को निकलीं। नगरवासियों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर व पटाखे फोड़कर बहनों का स्वागत किया।

कई स्थानों पर नागरिकों ने घरों की छतों से पुष्पवर्षा की, तो गलियों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने तालियों से अभिवादन किया। यह दृश्य केवल एक संचलन नहीं, बल्कि नारी शक्ति, राष्ट्र गौरव और सांस्कृतिक चेतना का पर्व बन गया।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री रामचंद देवांगन, संत उमेशानंद गिरी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के ट्रस्टी देवनाथ सोनी का सानिध्य मिला तथा विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री ने मुख्य वक्ता के तौर पर समाज की बेटियों के साथ हो रहे लव जिहाद, धर्मांतरण और सिनेमा में परोसे जा रहे अश्लील कंटेंट के खिलाफ जागरूक रहने और स्वयं एवं परिवार को बचाए रखने की बात कही।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संयोजिका श्रीमती भूमिका कोर्राम, प्रखंड संयोजिका श्रीमती कविता कुर्रे के अलावा नगर, ग्राम, खंड, प्रखंड कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

**शस्त्र कौशल व अनुशासन का दिखा अदभुत प्रदर्शन**

पथ संचलन में बहनों ने दंड संचालन, शस्त्र कौशल व अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिससे लोगों में गर्व, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ।

## शहीद राजीव पांडे वीर चक्र के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित

- पूर्व सैनिकों एवं गणमान्य नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव




शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडे, वीर चक्र 8 जून 1985 को भारतीय थल सेवा में भर्ती हुए थे। पिता कर्नल आर. पी.पांडे भी भारतीय सेना के मेडिकल कोर में कर्नल थे। शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडे को ऑपरेशन मेघदूत के तहत सियाचिन ग्लेशियर में दुश्मनों की एक चौकी को हासिल करने का उत्तरदायित्व दिया गया था। इस 21000 फीट ऊंची दुर्गम चौकी तक पहुंचने के लिए 3 किमी का खुला बर्फीला इलाका तथा 12000 फीट की दीवार पार करना था। दिनांक 29 मई 1987 के दिन उन्होंने एवं उनके साथियों ने इस चौकी पर आक्रमण कर दुश्मनों की सुरक्षा व्यवस्था को बड़ी क्षति पहुंचाई। इस कार्यवाही को अंजाम देते समय वे तथा उनके पांच साथी वीरगति को प्राप्त हुए। उनके इस प्रबल प्रयास के फलस्वरुप दिनांक 29 जून 1987 को भारतीय सेना ने इस चौकी पर अपना कब्जा कर लिया। उनके इस अदम्य साहस व वीरता के लिए दिनांक 26 जनवरी 1988 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा इनको मरणोपरांत वीर चक्र से अलंकृत किया गया।

शहीद लेफ्टिनेंट राजीव पांडे, वीर चक्र की बलिदान दिवस पर शहीद राजीव पांडे वार्ड टिकरापारा रायपुर में बने शहीद की प्रतिमा के पास पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम नगर निगम रायपुर के तत्वाधान में रखा गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के महापौर श्रीमती मीनल चौबे, एमआईसी मेंबर, जोन कमिश्नर, वार्ड पार्षद, गनमान्य नागरिकगण पूर्व सैनिक संगठन अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर से पूर्व सैनिक योगेश साहू प्रांतीय सचिव, पूर्व सैनिक रोहित कुमार साहू, पूर्व सैनिक युधिष्ठिर सिन्हा, पीयूष जैन एवं शहीद परिवार से शहीद का भाई सुनील पांडे ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## धमतरी जिले को मिलेगी करोड़ों का सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



केंद्रीय जनजाति केबिनेट मंत्री जुएल उरांव ने दिल्ली में प्रस्ताव रखकर धमतरी जिले के 108 ग्राम के लिए बड़ी घोषणाएं की है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष खूबलाल ध्रुव ने केबिनेट मंत्री से सौजन्य भेंटकर धमतरी के लिए कई मांगे रखी हैं। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार के नेतृत्व में धरती आबा के नाम से चलाई जा रही योजनाओं के तहत करोड़ों का विकास कार्य किया जाएगा।

मंत्री श्री उरांव ने श्री ध्रुव को आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में नगरी और मगरलोड विकास खंड में अत्यधिक कार्य किया जाएगा। उनके द्वारा रखे गए प्रस्ताव को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। इस घोषणा से धमतरी जिले के लोगों में खुशी की लहर है और वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए आशान्वित हैं। केंद्रीय जनजाति मंत्री जुएल उरांव के इस घोषणा से धमतरी जिले के लोगों को उम्मीद है कि उनके क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी। इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रीय कार्य समिति व राष्ट्रीय मंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा दीपक गोंड, मनीष सोनी, मनोज महतो, समुंदर सिंह उपस्थित थे।

## बगौद के किसान के खेत में लगे झटका मशीन की चोरी



**अंवरी।** कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम बगौद निवासी किसान संतराम साहू पिता हेमलाल साहू के खेत में लगे झटका मशीन, बैटरी, सोलर पैनल सहित अन्य और मशीनों को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी हुई सामाग्री की कीमत किसान द्वारा लगभग 12,000 रुपये बताया गया है। बता दें कि इन दिनों कुरुद क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चोरी की अनेकों घटनाएं घटित हो रही है जिसका मुख्य वजह रात्रि में पुलिस का सघन गश्त का न होना बताया जा रहा है। जो कुरुद पुलिस के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं इस प्रकार से चलता रहा तो आम आदमी को सहज तरीके से जीने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। किसान द्वारा उक्त चोरी की घटना की शिकायत कुरुद पुलिस में की गई है।

## अश्लील वीडियो बंद करने लोक कला मंच ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

यूट्यूब चैनल पर अश्लील वीडियो की भरमार चल रही है, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। सृजन लोक कला साहित्य मंच की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने 26 मई को लिखित आवेदन देकर थाना प्रभारी से वीडियो हटाने की मांग की है। लोक कला साहित्य संस्था ने आवेदन में बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा में महिलाओं की शारीरिक बनावट पर गीत के माध्यम से गंदा एवं अश्लील शब्दों से संबोधित किया है। गीत के बोल से छत्तीसगढ़ की संस्कृति माता, बहन, बेटियों के मान-सम्मान की मर्यादा भंग हो रही है। बताया जाता है कि उक्त गीत के गायक किशन सेन है। अश्लील वीडियो को बंद करने की मांग मानिकराम कंवर, हेमलाल, बुधारूराम, दादूराम, प्रकाश, रिखीराम, श्यामबाई, यशवंत दास, गंगाबाई, रुक्मणी दीवान, महेश्वरी सिन्हा, महेशकुमार, चिंताराम, मनीराम कंवर, दौलतराम आदि शामिल रहे।

## गुम इंसानों का पता करने चलाया जाएगा विशेष अभियान आपरेशन तलाश



- एएसपी मणीशंकर चन्द्रा ने ली अधिकारियों की समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुम इंसानों की खोज करने पुलिस द्वारा विशेष अभियान आपरेशन तलाश शुरू किया जा रहा है। इस संबंध में एसपी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समन्वय बैठक ली है।

पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ के गुम इंसान के पता तलाश के संबंध में 1 जून से 30 जून तक विशेष अभियान आपरेशन तलाश चलाये जाने के लिए विभिन्न विभाग क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संगठन के साथ समन्वय स्थापित करने जिला स्तर पर मीटिंग आयोजित कर अभियान के पूर्व कार्ययोजना तैयार करने निर्देशित किया गया। जिसके तहत एसपी के मार्गदर्शन में एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने गुरुवार को गुम इंसानों के पता तलाश के लिए महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित करने बैठक ली। जिसमें गुम इंसानों को अधिक से अधिक पता तलाश करने के संबंध में कार्ययोजना तैयार किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गुम इंसानों को तलाश वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए सकुशल उनके परिजनो के सुपुर्द करना है। कुछ ऐसे गुम महिला जो दूसरे प्रांत के विभिन्न आश्रय स्थल, नारी निकेतन, सखी वन स्टाप सेंटर में है। उन महिलाओं को उनके परिवार के साथ पुनः एकीकरण के लिए सार्थक प्रयास किया जाएगा।

समन्वय बैठक में एएसपी एमएस चंद्राकर, डा.मनीषा पांडे उपसंचालक समाज कल्याण, नकुलप्रसाद वर्मा उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, निम्मी पटेल श्रम अधिकारी, जगरानी एक्का जिला खनिज अधिकारी व यशवंत बैस बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित थे।

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर रूद्री में हुई गोष्ठी

- लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है : रामू
- वह एक कुशल शासिका, सेवाभावी व सनातन धर्म रक्षिका थी : नागेंन्द्र
- समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रुद्री के साहू सदन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन गंगरेल मंडल की अध्यक्ष मोनिका ऋषभ देवांगन के नेतृत्व में किया गया। मोनिका देवांगन ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अनेक मंदिरों, देव स्थलों का जीर्णोद्धार किया। धर्मशाला बनवाई। तालाब, कुओं का निर्माण करवाया। समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। मुख्य वक्ता रामू रोहरा महापौर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनकी नीतियां और कार्य आज भी मार्गदर्शन करते हैं। नागेंद्र शुक्ला पूर्व भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई ने सामाजिक समरसता का जो दीप जलाया, वह आज भी मानवता को दिशा देता है। उनकी दूरदृष्टि और न्यायप्रियता अद्वितीय थी। हम सबको उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।

प्रकाश गोलछा पूर्व मंडल अध्यक्ष गंगरेल ने कहा कि लोकमाता ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। हर वर्ग के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। श्रीमती श्यामा नरेश साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि अहिल्याबाई की सेवा अनुपम है। उन्होंने नारी शक्ति को नई पहचान दी। ऋषभ देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अहिल्याबाई ने सच्चे अर्थों में राजधर्म निभाया। सुशांतराव कानपिल्लेवार ने अहिल्याबाई की जीवनी पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन एवं आभार व्यक्त मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने किया। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, लक्ष्मी बया का योगदान रहा। इस अवसर पर भाजपा की विचारधारा से प्रेरित होकर हरदिहा साहू समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष पंचराम साहू ने भाजपा प्रवेश किया। मौके पर भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, मंडल उपाध्यक्ष जयंती हेमराम साहू, बुद्धेश्वर दीवान, जनपद अध्यक्ष अंगीरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशव साहू, जनपद सदस्य पार्वती साहू, मंडल मंत्री टिक्की देवांगन, दयाराम सिन्हा रूपाली ध्रुव रमेश निषाद मंडल कोषाध्यक्ष तामेश साहू युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा, नोकेश्वर साहू, नरेश यादव, पुरण ध्रुव, पवित्रा दीवान, रूपराम मंडावी, दीपलता ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

## मोदी के नेतृत्व में देश के नायकों को याद किया जा रहा : गीतेश्वरी



- जनपद पंचायत कुरुद में महिलाओं का सम्मान कर मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

देशभर में पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इसी क्रम में जनपद कुरुद में सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं का सम्मान कर यह जयंती मनाई गई। जिसमें बिहान, स्वच्छता दीदियों एवं महिला सरपंचों को पौधा भेंटकर सम्मान दिया गया।

मनरेगा सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कुरुद के अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी हेमन्त साहू ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सामाजिक न्याय और नारी संस्कृति का आदर्श उदाहरण है। उनके शासनकाल में जन कल्याण के अनेक कार्य हुए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के प्रयास से अब देश इन नायकों को याद कर रहा है।

जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रानी अहिल्याबाई की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संप्रदाय पर लगातार काम कर रही है। जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन और दर्शन आज भी देश के पथप्रदर्शक बने हुए हैं। उनकी धर्मनिष्ठा व कार्यशैली यह दिखाती है कि महिलाएं भी बेहतर शासक हो सकती हैं।

इस अवसर जनपद पंचायत के सभापतिगण आनंद यदु, चंद्रशेखर साहू, सिंधु बैस, शकुंतला साहू, एवन साहू के अलावा जनपद सदस्यगण, कर्मचारीगण व बड़ी संख्या में बिहान समूह के सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

बच्चों ने पेपर आर्ट, गीत-संगीत, नृत्य, योग प्राणायाम के अलावा कहानी लिखना सीखा

# मोंगरा में नि:शुल्क समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



गर्मी की छुट्टी में बच्चों के समय का सदुपयोग एवं विभिन्न बाल रचनात्मक एवं कलात्मक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास को लेकर परिक्षेत्र साहू समाज बानगर के तत्वाधान में कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा द्वारा आयोजित 7 दिवसीय निः शुल्क ग्रीष्म कालीन समर कैंप का समापन ग्राम मोगरा में 27 मई को संपन्न हुआ।

समापन राजकीय गीत ,राष्ट्रगान एवं मां कर्मा की आरती के साथ किया गया।बच्चो द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति पश्चात अतिथि उद्बोधन,बच्चो का अभिव्यक्ति कौशल हेतु सामाजिक नृत्य व युगल नृत्य की प्रस्तुति की गई । शिविर में बच्चों के द्वारा बनाए गए अखबारी टोपी ,कागज से बने बैच पहना कर चंदन ,वंदन कर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा बाल रचनात्मक नाटक का मंचन, जल है तो कल है , जल की बचत हम कैसे करे - मुखौटा के द्वारा प्रदर्शन किया गया।

समर कैंप में बच्चों को हस्तलिखित पुस्तिका का निर्माण पेपर से बैग, खिलौना ,क्राफ्ट पेपर कला,अखबारी टोपी मेरी कहानी निर्माण, थम से चित्रकार मुखौटा बनाना ,रस्सी से चित्र बनाना पत्तियों से चित्रकारी, अंकों का पैटर्न तथा अनाज से मां कर्मा की छायाचित्र एवं गणेशजी का चित्र तिरंगा, तितली इत्यादि बनाना सिखाया गया। साथ ही प्रतिदिवस योग, प्राणायाम, ध्यान, बालगीत की प्रस्तुति कराई जाती थी।

इस दौरान दौरान कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज साहू ने कहा कि बच्चों की सामाजिक चेतना एवं समय का सदुपयोग इसी प्रकार से किया जाता है और प्रत्येक बच्चों को स्वतंत्र रूप से सीखने का अवसर दिया जाना चाहिए। वीर सिंग साहू ने कहा शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है और ऐसा कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए। मेवाराम साहू ने कहा बच्चों की सफलता में परिवार की अहम भूमिका होती है और यह कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत साबित हुआ है। समापन अवसर पर ग्रामीण साहू समाज द्वारा उपस्थिति 80 बच्चों को पेन एवं सभी शिक्षकों को पेन एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

## छात्राओं ने जीवविज्ञान के गूढ़ रहस्यों को समझा

**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में बीएससी की छात्राओं के लिए क्वांटिटेटिव ग्रोथ इज लाइफ विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि व्याख्यान में पीजी कॉलेज धमतरी के प्राणी विज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापक गोविंद प्रसाद उपस्थित रहे। यह व्याख्यान उनके द्वारा पिछले वर्ष दिए गए वर्ल्ड ऑफ सेल्स नामक व्याख्यान की निरंतरता में था, जिसने छात्राओं को कोशिका की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराया था। इस बार उन्होंने इन अवधारणाओं को आगे बढ़ाते हुए जीवन में होने वाली मात्रात्मक वृद्धि के जैविक आधार को समझाया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया के मार्गदर्शन में किया गया। महाविद्यालय की 100 से अधिक छात्राओं ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में भाग लिया और कोशिका विज्ञान के जटिल विषयों पर अपनी समझ को सुदृढ़ किया।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना की श्वेता भगत विकासखंड समन्वयक बनीं

**धमतरी।** जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासखण्ड समन्वयक के रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए कोरबा के जमनीपाली निवासी श्वेता भगत का चयन मेरिट क्रम के आधार पर किया गया है। सीईओ जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि संविदा नियुक्ति अधिकतम 3 साल के लिए होगी। नियुक्ति के दौरान एकमुश्त वेतन 39 हजार 875 रूपयें दिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति छ.ग.शासन के निर्देशानुसार छ.ग. सिविल सेवा, संविदा नियुक्ति के नियम के अधीन होगी। सीईओ ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी को 15 दिनों के भीतर जिला पंचायत में अपनी उपस्थिति देनी होगी। नियत तिथि के बाद उपस्थित होने पर संबंधित की नियुक्ति मान्य नहीं होगी और उनकी नियुक्ति खुद ब खुद निरस्त होगी।

### प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन

**अंवरी।** छग महतारी महाविद्यालय भखारा में बीए, बीएससी व बी काम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन पत्र भरा जा रहा है। महाविद्यालय में कला संकाय के तहत हिंदी साहित्य, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिविज्ञान, भूगोल तथा बीएससी में रसायन, जंतु विज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित और बीकाम में सभी अनिवार्य विषय संचालित है। इच्छुक छात्र छात्राएं अपने विषय से संबंधित विषयों का चयन कर आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी तथा टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र की मूलप्रति, जाति निवास-आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ प्रातः 9 से 1 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय संपर्क कर सकते हैं।

तिलपिया मछली की विदेश में डिमांड को देखते हुए उत्पादन बढ़ाने की तैयारी

# अमेरिका ने चखा धमतरी की मछली का स्वाद, अब आ रही भरपूर डिमांड



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी अब मछली उत्पादन का हब बनता जा रहा है।



मो. आसिफ

इस सीजन में गंगरेल से 40 टन तथा दुधावा से 140 टन मछली निर्यात किया गया। अमेरिका में यहां के तिलपिया मछली की खूब डिमांड है। लगातार बढ़ रहे डिमांड को देखते हुए अब मछली उत्पादन बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है।

प्रोटीन से भरपूर हल्की स्वाद वाली तिलपिया मछली अमेरिका में खासी लोकप्रिय है। इस मछली का उत्पादन जिले के गंगरेल बांध तथा यहां से लगे कांकेर जिले के दुधावा बांध में हो रहा है। लंबे समय से यह मछली स्थानीय बाजार के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों तथा पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। वहीं से इसका निर्यात अमेरिका शुरु हुआ है। इस सीजन में दोनों बांधों से 180 टन मछली अमेरिका निर्यात किया गया। इस मछली का स्वाद अमेरिका वालों को इतना पसंद आया कि वे भरपूर मात्रा में इसकी डिमांड कर रहे हैं। अमेरिका से आए इस डिमांड को देखते हुए यहां इस मछली का उत्पादन बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। एमआईके फिश नगरी के संचालक मो. आसिफ ने बताया कि तिलापिया मछली को इंसुलेटेड वाहन से कोलकाता भेजा जाता है। कोलकाता में मछली को प्रोसेसिंग कर फिलेट बनने के पश्चात संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात किया जाता है। आने वाले दिनों में विशाखापटनम की कंपनी के माध्यम से मछली सीधे अमेरिका भेजी जाएगी। खास बात यह कि कंपनी यहां किसानों को सहयोग कर तालाब बनाने और मछली उत्पादन में लागत लगाने तैयार है। कंपनी से अनुबंध कर किसान मछली पालन करेंगे तो उन्हें न लागत लगाने की चिंता रहेगी न बिक्री के लिए बाजार खोजने का टेंशन रहेगा। मत्स्य विभाग के द्वारा भी मछली पालन को बढ़ावा देने तालाब बनाने पर अनुदान, बीज, जाल आदि प्रदान किया जा रहा है। वहीं दुधावा तथा गंगरेल बांध में केज कल्चर का निर्माण किया गया है, जिससे मछली का उत्पादन बढ़ा है। इसलिए स्थानीय विक्रेताओं तथा आसपास के जिलों के मछली विक्रेताओं को बिक्री के बाद अतिरिक्त मछली को निर्यात किया जा रहा है।

### तकनीक से बढ़ा मछली का उत्पादन

बांधों में मछली पालन सालों से हो रहा लेकिन आधुनिक तकनीक को अपनाने से उत्पादन में वृद्धि हुई है। गंगरेल समेत चारों बांधों में 546 केज कल्चर लगाया गया है। केज कल्चर में पेंगासिस व तिलापिया मछली का उत्पादन प्रमुखता से होता है। जानकारी के अनुसार गंगरेल में 204, दुधावा में 240, माड़मसिल्ली में 48 तथा राजाडेरा जलाशय में 54 केज कल्चर की स्थापना की गई है। प्रत्येक केज कल्चर में 8 माह में करीब 4 टन मछली उत्पादन होता है। गंगरेल में फुटहामुड़ा व तुमाबुजुर्ग में केज कल्चर लगा है। केज कल्चर से आशय प्लास्टिक का सिस्टम व जाल लगाकर बांध के निर्धारित स्थान पर मछली पालन करने से है। केज कल्चर में क्षमता के अनुसार मछली बीज डालकर उसे बड़ा किया जाता है, इस जाल के भीतर मछली के लिए हर रोज भोजन दिया जाता है। बांध की दूसरी मछलियों से इनका संपर्क नहीं रहता केज कल्चर में मछलियों का विकास तेजी से होता है।

### मछली पालन में बढ़ रहा जिला

मत्स्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मछली उत्पादन में धमतरी जिला शुरु से अग्रणी रहा है। यहां बांध, फिश हैचरी, तालाब, नदी, नाले, स्टापडेम सभी को मिला लिया जाए तो हर साल 20 हजार मीट्रिक टन से अधिक मछली का उत्पादन होता है। मुख्य रुप से रुहा, कतला, पंकाज, कॉमनकात, तिलापिया का उत्पादन होता है। यहां भुण्डा, झींगा, ग्रासकार की मांग अधिक है लेकिन उत्पादन कम है। तीन सरकारी फिश हैचरी देमार, सांकरा व परखंदा में है। हर साल 35 करोड़ स्पान उत्पादन होता है। मत्स्य महासंघ के अधीन देमार हैचरी करीब 100 एकड़ में है यह प्रदेश की सबसे बड़ी फिशर हैचरी है। धमतरी के मछली बीज की डिमांड बालोद, गरियाबंद, दुर्ग जिले में भी रहती है।

### उत्पादन बढ़ाने बनेगी कार्ययोजना



धमतरी की मछली की विदेशों में डिमांड होना अच्छी बात है। जिले में मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए जल्द ही कार्ययोजना बनाई जाएगी। किसानों को मछली उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाएगा। किसान तालाब बनाकर मछली उत्पादन करेंगे तो उनकी आय में वृद्धि होगी तथा भूमि का जल स्तर भी बना रहेगा। किसानों के मछली पालन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने कंपनी से भी चर्चा की जाएगी।

**- अबिनाश मिश्रा,** *कलेक्टर धमतरी*

# एनआईए की जांच से नक्सल क्षेत्र में हड़कंप



- निर्दोष ग्रामीणों को दोषमुक्त कर जेल से रिहा कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायत के 8 गांव में एनआईए की जांच से हड़कंप मचा हुआ है। वनांचल संघर्ष समिति धमतरी-गरियाबंद ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रताड़ना तथा नक्सली बताकर गिरफ्तार करने की शिकायत की है।

वनांचल ग्राम संगठन के अध्यक्ष एसआर ध्रुव के साथ मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचे रोहित, डोमेश्वर, कृष्णकुमार, गोलू मरकाम, नारद, बजरंग आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत छोटे गोबरा के आश्रित ग्राम बड़े गोबरा, कांटीपारा, ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम घोरागांव, ठेनही पंचायत के आश्रित गांव दंवड, पंडरीपानी, रावनडिग्गी पंचायत के आश्रित गांव नवागांव, पेण्डरा, सेमरा के ग्रामीणों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी/एनआईए बुरी तरह से प्रताड़ित कर रही है। फर्जी तरीके से नक्सली बताकर गंभीर धारा लगाकर गिरफ्तार किया जा रहा है। इससे ग्रामवासी बुरी तरह से दहशत तथा हताहत है। अधिकारी या पुलिस का कॉल किसी भी ग्रामीण के पास आता है तो पूरा गांव दहशत और सदमें में आ जाता है।

पीड़ित ग्राम पंचायत धमतरी और गरियाबंद जिला से अंतर्गत होकर बना है। समस्या निवारण के लिए वे किस अधिकारी या किस विभाग में जाए यह ग्रामवासियों को मानसिक रूप से परेशानी का कारण बना हुआ है। एनआईए ने उनके गांव के अनेक लोगों को जेल भेज दिया है। पीड़ित ग्रामीणों ने गिरफ्तार लोगों को दोषमुक्त कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

कक्षा पहली से आठवीं तक दिव्यांग बालिकाओं का होगा दाखिला

# शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से आठवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं प्रवेश ले सकतीं हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, नगरनिगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास आय प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड लगाना होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड की छायाप्रति, जिला चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज के 10 फोटो, ब्लड ग्रुप, बैंक पासबुक, राशनकार्ड की छायाप्रति सहित पहचान का निशान और सिकलसेल अथवा अन्य कोई बीमारी हो तो उसका भी उल्लेख करना होगा। अधीक्षक ने यह भी बताया कि यदि पहले से अध्ययनरत है, तो स्थानांतरण प्रमाण पत्र मूल में और जिले के बाहर के टीसी में जिला शिक्षाधिकारी का प्रतिहस्ताक्षर जरूरी होगा।

# पंचायत चुनाव : नगरी में भाजपा कार्यकर्ताओं की अनुशासनहीनता पर बड़ी कार्रवाई, 7 निष्कासित

- प्रत्याशी चयन के विरोध में पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी
- भाजपा नेतृत्व ने दिया सख्त संदेश-अनुशासन से कोई समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी/नगरी









भारतीय जनता पार्टी ने नगरी कार्यालय में हुई अराजक और शर्मनाक घटना के बाद 7 कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश पर की गई, जिसे पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश रामू रोहरा ने की है। निष्कासित किए गए कार्यकर्ताओं में निखिल साहू (प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य), शैलेन्द्र धेनुसेवक (अध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, नगरी), भोला शर्मा, गज्जु शर्मा (युवा मोर्चा कार्यकर्ता), रवेन्द्र साहू, संत कोठारी और सुनील निर्मलकर (अध्यक्ष, युवा मोर्चा मंडल नगरी) शामिल हैं।

### घटना ने पार्टी की छवि को पहुंचाया नुकसान

यह घटना उस समय हुई जब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत धमतरी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा ने श्री अरुण सार्वा को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया। प्रत्याशी चयन के विरोध में इन कार्यकर्ताओं ने नगरी नगर के भाजपा कार्यालय में घुसकर कंप्यूटर, फर्नीचर, अलमारी और सदस्यता से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों को आग के हवाले कर दिया। इसके साथ ही वरिष्ठ नेताओं और जिला अध्यक्ष का पुतला दहन कर पार्टी विरोधी आचरण किया गया।

### कार्रवाई से समर्पित कार्यकर्ताओं को मिला भरोसा

इस अनुशासनहीनता घटना से न केवल सिहावा विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे प्रदेश और देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया था। पार्टी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली इस घटना के विरुद्ध हुई यह निष्कासन कार्यवाही भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के मन में पार्टी की नीतियों और अनुशासन के प्रति एक बार फिर विश्वास पैदा करती है। यह संदेश भी स्पष्ट है कि पार्टी विचारधारा और अनुशासन के खिलाफ किसी भी प्रकार का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : रामू



इस संबंध में भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने मीडिया को बताया कि पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वे कोई भी हो, जो भी पार्टी के नियमों के विरूद्ध कार्य करेगा उसे पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। पार्टी कार्यालय नगरी में तोड़फोड़, आगजनी कर पार्टी विरोधी नारे लगाने वाले नगरी भाजपा के 7 कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता से निष्कासित किया गया है। इनका कृत्य पार्टी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। घटित घटना में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से ये शामिल थे। आदेश की कापी 28 मई को जारी किया गया है। घटना बीते 30 जनवरी 2025 की है, पंचायत चुनाव के समय पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की गई जो पार्टी की छवि के नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। इस कार्रवाई से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

# दुर्गा वाहिनी से प्रशिक्षण लेकर लौटीं बालिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम छाती के साहसी बेटियों के द्वारा दुर्गा वाहिनी प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग कुरुद से प्रशिक्षण लेकर सकुशल घर लौटने पर तिलक लगाकर परिवारजनों द्वारा स्वागत किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ज्ञात हो कि सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में दुर्गा वाहिनी प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग रखा गया था जिनमें राज्य के विभिन्न जिलों से बेटियां प्रशिक्षण के लिए आई हुई थी। इसमें ग्राम छाती के गुंजीता साहू, काजल यादव और गीतिका साहू ने भी भाग लेकर अपना प्रशिक्षण पूरा किया। यहां पर प्रशिक्षुओं को राष्ट्रभक्ति धर्मनिष्ठ जनसेवा समाज सेवा एवं जन कल्याण से ओत प्रोत अनुशासित रहकर चरित्रवान व निर्भीक जीवन जीने की कला सिखाई गई।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




